**Chhattisgarh Professional Examination Board, Raipur**
**छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर**



# Application Form For
# Hostel Male Superintendent , Hostel Female Superintendent (HS23) Recruitment 2023

## Important Instructions

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधीप्रमाण-पत्र नहीं लिए जा रहे हैं। अभ्यर्थी के सभी प्रमाण-पत्र का परीक्षण चयन प्रक्रिया के दौरान की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा। इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा।
- ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा के दौरानभी सुधार कर सकते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी03 दिवस का समय दिया जायेगा। परीक्षा दिवस को ओ.एम.आर. उत्तरसीट पर कोई त्रुटिसुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पासअनिवार्य रूप से रखें।

## Exam Applied For

आप जिस पद में परीक्षा देना चाहते हैं कृपया निम्न में से उसे चयन करें *

☑ **Hostel Male Superintendent (छात्रावास अधीक्षक )** ☐ Hostel Female Superintendent ( छात्रावास अधीक्षिका)

## Exam Pre-requisite

Note:

छात्रावास अधीक्षक में केवल पुरूष अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

छात्रावास अधीक्षिका केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे

छात्रावास अधीक्षक अधीक्षिका का पद दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकित नहीं है।

क्या आप मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल या पुरानी 11वीं या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण है।उत्तीर्ण।*

◉ **Yes (हाँ)** ○ No (नहीं)

क्याआप व्यायाम प्रशिक्षण (फिजीकल ट्रेनिंग) में डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से व्यायाम प्रशिक्षण (फिजीकल ट्रेनिंग) में स्नातक उत्तीर्ण है।*

◉ **Yes (हाँ)** ○ No (नहीं)

Cancel

## Basic Information / मूलभूत जानकारी

**Candidate's Name** / उम्मीदवार का नाम

ASHISH RAO GIREPUNJE

**Relative's Type** (रिश्तेदार का प्रकार) *

Father

**Relative Name** (रिश्तेदार का नाम)

FATHER NAME

**Mother's Name** / माता का नाम

MOTHER NAME

Gender / लिंग

Male

Date of Birth / जन्म की तारीख

14-Apr-1991

Age / उम्र

31 Years

Category / वर्ग

ST

Payable Amount / भुगतान राशि

0

## Uploads / अपलोड






## Other Information / अन्य जानकारी

Marital Status / वैवाहिक स्थिति

Unmarried

Nationality / नागरिकता

Indian

Domicile of Chhatisgarh / छत्तीसगढ़ के निवासी

Yes

Email ID / ईमेल

asd@gmail.com

Mobile No (मोबाइल नंबर)

8888888888

District Domicile

Bilaspur

## Present Address / वर्तमान पता

House No / मकान नंबर

C4

Street / स्ट्रीट

VASUNDHARA NAAR

City/Village / शहर / गांव

RAIPUR

State / राज्य

Chhattisgarh

District / जिला

Bastar

Pin Code / पिनकोड

444444

## Application Applied for Exam City

Exam City *

--Select--

Do You need to Scribe(Writer) ? ( क्या आपको सहलेखक की आवश्यकता है? )* *

No

## Class / श्रेणी

Do you belong to the Ex-Servicemen category?/ क्या आप भूतपूर्व सैनिक वर्ग से संबंधित हैं? *

- [x] Yes
- [ ] No

Class / श्रेणी

- [ ] Ex-Servicemen (EX)

## Declaration / घोषणा

Declaration / घोषणा *

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि, मेरे द्वारा आॅनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाक पता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है ।

I do hereby declare, that the information related to my Name, Category, Gender, Qualification, Date of Birth, Address and all other information given above are correct and I truthfully declare it to be correct. I have gone through the rules and other information related to the exam notified by

- [x] I Agree (मैं सहमत हूँ)

Captcha / कृपया कैप्चा को दर्ज करें *

T423Fg

Submit Cancel

© 20232023 CHiPS. All rights reserved.
This web site is best viewed in Google Chrome, Internet Explorer 9 and above.

# संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, (प्रशिक्षण पक्ष)
## इंद्रावती भवन, ब्लॉक-4, प्रथम तल, नवा रायपुर
## अटल नगर, छत्तीसगढ़

क्र. एफ 1-1041/संरोप्र/स्थाप-प्रशि/छा.अधी/2023/ नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक

# संक्षिप्त विज्ञापन

राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक/ छात्रावास अधीक्षिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ के मूल/ स्थानीय निवासी पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| स.क्र. | पद का नाम | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | छात्रावास अधीक्षक | 45 |
| 2 | छात्रावास अधीक्षिका | 09 |
| | योग | 54 |

टीप:-

1. विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, आयु सीमा, निर्देश, परीक्षा योजना, चयन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम एवं पदों का आरक्षण आदि का विस्तृत विवरण तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्देशों की जानकारी https://vyapam.cgstate.gov.in पर विस्तृत विज्ञापन में देखे जा सकते हैं.
2. रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन/बदलाव किया जा सकता है.
3. प्रतियोगी परीक्षा की तिथि व्यापम द्वारा पृथक से जारी की जाएगी.
4. आवेदन पत्र व्यापम के वेबसाइट पर दिनांक 18.05.2023 से भरे जा सकेंगे.
5. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये किया जाने वाला चयन माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगा.

संचालक
रोजगार एवं प्रशिक्षण

जी-01284

**संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, (प्रशिक्षण पक्ष)**

**इंद्रावती भवन, ब्लॉक-4, प्रथम तल,**

**नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़**

# विभाग के अधीन संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक / छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर नियुक्ति हेतु चयन परीक्षा

-:: विभागीय विज्ञापन ::-

राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिका के विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ औद्योगिक प्रशिक्षण (अराजपत्रित) तृतीय श्रेणी सेवा भर्ती नियम, 2014 यथासंशोधित 2019 के अधीन एवं राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार किये जाने हेतु उम्मीदवारों से व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र ऑनलाइन दिनांक .................. से आमंत्रित किये जाते हैं। पदों का विवरण नीचे तालिका में दर्शित है:-

| स. क्र. | पद का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से छत्तीसगढ़ के मूल/स्थानीय निवासी महिलाओं के लिये आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से छत्तीसगढ़ के मूल/स्थानीय निवासी भूतपूर्व सैनिकों के लिये आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों में से नि:शक्तजनों के लिये आरक्षित पद | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अ ना. | अ. जा. | अ.ज. जा. | अ.पि. व. | अ ना. | अ. जा. | अ.ज. जा. | अ.पि. व. | अ ना. | अ. जा. | अ.ज. जा. | अ.पि. व. | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 1 | छात्रावास अधीक्षक | 19 | 05 | 15 | 06 | केवल पुरूष अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। | | | | 1 | 0 | 1 | 0 | दिव्यांगता अमान्य | 45 |
| 2 | छात्रावास अधीक्षिका | 04 | 01 | 03 | 01 | केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। | | | | 0 | 0 | 0 | 0 | | 09 |
| योग | | 23 | 06 | 18 | 07 | | | | | 1 | 0 | 1 | 0 | | 54 |

महत्वपूर्ण टीप:-

1. पदों की संख्या परिवर्तित हो सकती है।
2. उपरोक्त विज्ञापित पदों के लिये किया जाने वाला चयन माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) क्रमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्याधीन होगा।
3. छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिका का पद दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकित नहीं है।
4. ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अभ्यर्थी नियमों का अवलोकन कर स्वयं सुनिश्चित कर लें कि उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता है अथवा नहीं। यदि परीक्षा के किसी भी चरण में अथवा परीक्षाफल घोषित होने के बाद भी यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी विहित अर्हता नहीं रखता है अथवा पात्रता नहीं रखता है अथवा उसके द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाई जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता/चयन परिणाम निरस्त किया जा सकेगा। इस सम्बन्ध में नियुक्तिकर्ता अधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा।
5. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. छत्तीसगढ़ के मूल/स्थानीय निवासियों को भूतपूर्व सैनिक आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया डिस्चार्ज सर्टिफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।



CamScanner

(2) शैक्षणिक अर्हताएं:—

| क्र. | पदनाम | विहित शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|
| 1 | छात्रावास अधीक्षक | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल या पुरानी 11वीं या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण<br>(2) व्यायाम प्रशिक्षण (फिजीकल ट्रेनिंग) में डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से व्यायाम प्रशिक्षण (फिजीकल ट्रेनिंग) में स्नातक<br>(3) केवल पुरूष अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। |
| 2 | छात्रावास अधीक्षिका | (1) मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल या पुरानी 11वीं या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>(2) व्यायाम प्रशिक्षण (फिजीकल ट्रेनिंग) में डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से व्यायाम प्रशिक्षण (फिजीकल ट्रेनिंग) में स्नातक ।<br>(3) केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे। |

(ii) सेवा श्रेणी - तृतीय श्रेणी

(iii) वेतन मैट्रिक्स - लेवल 6 (25300-80500/-)

(3) <u>परिवीक्षा अवधि</u>:- चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति 03 वर्ष की परिवीक्षा पर की जायेगी। परिवीक्षा अवधि में निम्नानुसार स्टायपेंड देय होगा:-

प्रथम वर्ष:- पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत।
द्वितीय वर्ष:- पद के वेतनमान के न्यूनतम का 80 प्रतिशत।
तृतीय वर्ष:- पद के वेतनमान के न्यूनतम का 90 प्रतिशत।

परन्तु परिवीक्षा अवधि में स्टायपेंड के साथ अन्य भत्ते कार्यरत अन्य कर्मियों की तरह प्राप्त होंगें।

(ख) परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर जब वह सेवा या पद पर स्थायी किया जाता है, तब शासकीय सेवक का वेतन उस सेवा या पद को लागू वेतनमान का न्यूनतम नियत किया जायेगा।

<u>महत्वपूर्ण नोट</u>:-

(i) अभ्यर्थी के पास उपरोक्त आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता तथा आवश्यक प्रमाण पत्र ऑनलाइन आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक धारित करना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की तिथि को जारी की गई, शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हता के प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगें।

(ii) चयन प्रक्रिया के किसी समय पर अथवा चयन सूची जारी करने के बाद भी यदि नियुक्ति प्राधिकारी के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पाई गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जायेगी।

(4) <u>पदों हेतु आरक्षण</u>:—

1. उपरोक्त पदों पर चयन के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 के उपबंध तथा उक्त अधिनियम के अधीन शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।
2. राज्य में सीधी भर्ती के पदों के लिए लागू महिला आरक्षण, भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण, एवं दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण के संबंध में जारी किए गये नियम/निर्देश लागू होंगे।

(5) <u>निर्धारित आयु सीमा</u>:-

छत्तीसगढ़ के मूल/स्थानीय निवासी अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.01.2023 को 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक न हो.

उच्चतर आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये निर्देशों के तहत निम्नानुसार छूट की पात्रता होगी:-



CS CamScanner

(i) यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) का हो तो उसे उच्चतर आयु सीमा में पांच वर्ष तक की छूट दी जायेगी।

(ii) छत्तीसगढ़ शासन के स्थायी/अस्थायी/वर्क चार्ज या कंटिंजेंसी पेड कर्मचारियों तथा छत्तीसगढ़ राज्य के निगमों/मंडलों के कर्मचारियों के संबंध में उच्चतम आयु सीमा 38 वर्ष रहेगी। यही अधिकतम आयु परियोजना कार्यान्वयन समिति के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों के लिये भी स्वीकार्य होगी।

(iii) ऐसा अभ्यर्थी जो छंटनी किया गया सरकारी सेवक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिक से अधिक 7 वर्ष तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जायेगा परन्तु उसके परिणाम-स्वरूप उच्चतम आयु सीमा तीन वर्ष से अधिक न हो। स्पष्टीकरण:- "छंटनी किये गये सरकारी सेवक" से तात्पर्य जो इस राज्य (अर्थात छत्तीसगढ़ राज्य) या किसी भी संघटक इकाई की अस्थायी सेवा में लगातार कम से कम छः माह तक रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय में अपना नाम रजिस्ट्रीकृत कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु आवेदन देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व स्थापना में कमी किये जाने के कारण सेवामुक्त किया गया हो।

(iv) ऐसे अभ्यर्थी को, जो छत्तीसगढ़ भूतपूर्व सैनिक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने की अनुमति दी जायेगी परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

(v) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 3-1/2016/1-3 नया रायपुर, दिनांक 11.01.2017 के अनुसार केवल छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी महिलाओं के लिये उच्चतर आयु में 10 वर्ष की छूट होगी।

(vi) छत्तीसगढ़ विधवा, परित्यक्ता तथा तलाकशुदा महिलाओं के लिये उच्चतर आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट होगी।

(vii) आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन के ज्ञापन क्रमांक सी-3/10/85/3/1 दिनांक 28.06.1985 के संदर्भ में उच्चतर आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।

(viii) राज्य (अर्थात छत्तीसगढ़ राज्य) में प्रचलित "शहीद राजीव पांडे पुरस्कार, गुण्डाधूर सम्मान, महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान प्राप्त खिलाड़ियों तथा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त युवाओं " को उच्चतर आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।

(ix) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 20-4/2014/आ.प्र./1-3 नवा रायपुर दिनांक 27.09.2014 एवं 17.11.2014 के अनुसार निःशक्तता से ग्रसित छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।

(x) स्वयंसेवी नगर सैनिकों (वालंटरी होमगार्ड) एवं अनायुक्त अधिकारियों के मामले में उच्चतर आयु सीमा में उनके द्वारा इस प्रकार की गई सेवा की उतनी कालावधि तक छूट आठ वर्ष की सीमा के अध्याधीन रहते हुये दी जायेगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये।

(xi) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक 650/209/2022/एक-3 दिनांक 07.04.2022 एवं क्रमांक एफ 1-2/2002/1/3 दिनांक 10 फरवरी 2006 के अनुसार शिक्षा कर्मियों /पंचायत कर्मियों को शासकीय सेवा में भर्ती के लिये उतने वर्ष की छूट दी जायेगी जितने वर्ष शिक्षाकर्मी/पंचायत कर्मी के रूप में सेवा की है इसके लिये 6 माह से अधिक सेवा को एक वर्ष की सेवा मान्य की जा सकेगी तथा यह छूट अधिकतम 45 वर्ष की आयु की सीमा तक रहेगी।



CS CamScanner

महत्वपूर्ण टीपः-

(i) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ 3-2/2002/1-3 रायपुर दिनांक 15.06.2010 में दिये गये निर्देश के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों के लिये अधिकतम 35 वर्ष निर्धारित है, किन्तु परिपत्र क्रमांक एफ 3-2/2015/1-3 नवा रायपुर दिनांक 30.01.2019 में दिये गये निर्देश के अनुसार राज्य शासन के सभी विभागों/कार्यालयों में सीधी भर्ती के पदों में की जाने वाली भरती में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष की छूट कैलेंडर वर्ष 2018 तक प्रदान की गई थी, उक्त अवधि दिनांक 31.12.2018 को समाप्त हो गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगारों के हित को दृष्टिगत रखते हुये, राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में दी गई 05 वर्ष की छूट की अवधि को दिनांक 01.01.2019 से 31.12.2023 अर्थात 05 वर्ष तक बढ़ाया जाता है। अन्य विशेष वर्गों के लिये अधिकतम आयु सीमा में देय सभी छूट यथावत रहेंगी, **किन्तु सभी छूटों को मिलाकर उनके लिये अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।**

(ii) आरक्षण का लाभ छत्तीसगढ़ के मूल/स्थानीय निवासियों को ही प्राप्त होगा तथा सभी प्रकार की आयु में छूट (विधवा, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक) स्थानीय निवासियों को ही प्राप्त होगा।

(iii) आयु की गणना दिनांक-01.01.2023 के संदर्भ में की जायेगी।

(iv) अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पहले विज्ञापन में दर्शित आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं एवं आयु के अनुरूप अपनी अर्हता की जांच कर स्वयं सुनिश्चित कर लें एवं अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने की स्थिति से पूर्णतया संतुष्ट होने पर ही वे आवेदन पत्र भरें। परीक्षा में सम्मिलित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन-पत्र बिना कोई सूचना दिये निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जायेगी।

(v) आयु संबंधी प्रमाण के लिये सामान्यतः हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी स्कूल अथवा मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट अथवा तत्सम अर्हता का प्रमाण पत्र। अन्य प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगें।

(vi) विज्ञापित पद के लिये आवश्यक शैक्षणिक अर्हता से संबंधित समस्त सेमेस्टर/वर्ष की अंकसूची।

(vii) पद के लिये आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं का प्रमाण-पत्र यथा-स्नातक/स्नातकोत्तर उपाधि आदि जो संबंधित पद के लिये आवश्यक है, की स्वप्रमाणित अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपियां अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले, कि आवेदित पद हेतु वांछित आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं एवं अन्य अर्हताओं को अंतिम तिथि तक धारित करना आवश्यक है।

(6) जाति प्रमाण पत्रः-

(i) यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ राज्य का मूल/स्थानीय निवासी हो एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) की श्रेणी में आता है तथा जो इस विज्ञापन के तहत दर्शित छूट (आयु/शुल्क/आरक्षण) का लाभ प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन कर रहा हो, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी छत्तीसगढ़ राज्य का स्थायी जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(ii) अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के विवाहित महिला अभ्यर्थियों को अपने नाम के साथ पिता के नाम जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है, एवं तदनुसार जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर इसे मान्य नहीं किया जायेगा।

(iii) अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण केवल गैर क्रीमीलेयर के आधार पर ही देय है। गैर क्रीमीलेयर का निर्धारण वार्षिक आय के आधार पर होता है। अतः अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को जाति प्रमाण पत्र



CS CamScanner

के साथ गैर क्रीमीलेयर के अन्तर्गत आने के प्रमाण हेतु ऐसा आय प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा जो आवेदन करने की तिथि से पूर्ववर्ती 3 वित्तीय वर्ष (2021-22, 2020-21 तथा 2019-20) के भीतर जारी आय प्रमाण पत्र पर आधारित हो।

(7) <u>नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण-पत्र</u>:-

(i) यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ शासन के अधीन शासकीय विभाग/निगम/मंडल/उपक्रम में कार्यरत हों अथवा भारत सरकार अथवा उनके किसी उपक्रम की सेवा में कार्यरत हों या राष्ट्रीयकृत/अराष्ट्रीयकृत बैंक, निजी संस्थाओं एवं किसी भी विश्वविद्यालय में कार्यरत हों तो वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, परन्तु ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अथवा इसके तुरंत पश्चात् उन्हें अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख को से "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" प्राप्त कर दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करें।

(ii) यदि अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" प्रस्तुत करने में असफल रहते हों, तो ऐसी स्थिति में उनका परीक्षा तो लिया जायेगा, परन्तु परीक्षा पश्चात् चयन की स्थिति में उन्हें संबंधित संस्था द्वारा भारमुक्त न किये जाने आदि के फलस्वरूप उनकी नियुक्ति निरस्त किये जाने की स्थिति बनती है तो इसके लिये शासन के संबंधित विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी तथा इस संबंध में ऐसे अभ्यर्थी का कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(8) <u>अनर्हता:</u> छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961 के नियम 6 के अनुसार निम्नलिखित अनर्हता होगी:-

(i) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यर्थी, जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो, किसी सेवा या पद में नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा/होगी।

परन्तु यदि शासन का यह समाधान हो जाये कि ऐसा करने के विशेष कारण हैं, तो शासन, ऐसे अभ्यर्थियों को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(ii) कोई भी अभ्यर्थी, किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जायेगा, जब तक की उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में, जो विहित्त की जाये, मानसिक या शारिरिक रूप से स्वस्थ, तथा किसी मानसिक या शारिरिक दोष, जो किसी सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने में बाधा डाल सकने वाले किसी मानसिक या शारिरिक दोष से मुक्त न पाया जाये।

परन्तु आपवादिक मामलों में किसी अभ्यर्थी को उसकी स्वास्थ्य परीक्षा के पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अध्याधीन अस्थायी रूप से नियुक्ति किया जा सकेगा कि यदि उसे स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य पाया गया तो उसकी सेवायें तत्काल समाप्त की जा सकेंगी।

(iii) कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये उस स्थिति में पात्र नहीं होगा, यदि ऐसी जांच के बाद, जैसे कि आवश्यक समझी जाये, नियुक्ति प्राधिकारी का इस बात से समाधान हो जाये कि वह सेवा या पद के लिये किसी दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।

(iv) कोई भी अभ्यर्थी, जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिये पात्र नहीं होगा।

परन्तु जहां तक किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले, लंबित हों तो उसकी नियुक्ति का मामला आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाये।

(v) कोई भी अभ्यर्थी, जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद के लिये पात्र नहीं होगा।



CamScanner

(9) चयन प्रक्रिया:-

(i) चयन हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की जायेगी।

(ii) व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के प्राप्तांकों को मिलाकर अंतिम मेरिट सूची तैयार की जावेगी।

(iii) आवेदन पत्र एवं प्रमाण पत्रों के सत्यापन, परीक्षा पाठ्यक्रम, परीक्षा योजना, ऑनलाईन आवेदन की विधि आदि के विस्तृत निर्देश व्यापम के वेबसाइट http://vyapam.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

(10) भर्ती प्रक्रिया के संबंध में किसी भी विवाद या बिंदु पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी का होगा। किसी भी समय इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी को होगा।

(11) चयनित उम्मीदवार को पुलिस व्हेरीफिकेशन कराने तथा जिला चिकित्सालय के चिकित्सा बोर्ड से स्वास्थ्य संबंधी सक्षमता फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात ही सेवा में लिया जाएगा।

(12) इस विज्ञापन के अधीन होने वाली नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है, अतएव नियुक्ति की शर्तों के अनुसार किसी भी समय आवेदक की सेवाएं समाप्त की जा सकती है।

(13) यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ राज्य के लिए है, अतएव चयनित उम्मीदवार को रिक्तियों के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी जिले में पदस्थापना दी जावेगी।

(14) इस नियुक्ति में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय समय पर जारी निर्देश लागू होंगे।

संचालक
रोजगार एवं प्रशिक्षण



CS CamScanner

**कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर**
**व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002**
**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

# व्यापम परीक्षा निर्देश

## संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), नवा रायपुर के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका भर्ती परीक्षा 2023 (ITIH23)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | – | 18-05-2023 (Thrusday) |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | – | 11-06-2023 (Sunday) रात्रि 11:59 बजे तक |
| 3. | त्रुटि सुधार | – | 12-06-2023 to 14-06-2023 तक |
| 4. | परीक्षा केन्द्र : | – | **05 संभागीय मुख्यालयों** |

**महत्वपूर्ण टीप –**

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए **निर्धारित समय–सीमा के दौरान भी सुधार कर सकते हैं ।** इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी 03 दिवस का समय दिया जायेगा । परीक्षा दिवस को ओ.एम.आर. उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
- OMR उत्तरशीट में परीक्षा दिवस के दिन कोई भी त्रुटि सुधार की सुविधा **नहीं** दी जाएगी ।
- आवेदन पत्र भरने से पहले विभाग द्वारा जारी विज्ञापन को भली–भॉति पढ़ लेवें, आवश्यक दिशा निर्देशों को अत्यंत सावधानी से पढ़ें तथा सेम्पल फार्म (नमूना आवेदन पत्र) का अवलोकन करें ।
- भरे हुए ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट अवश्य लेकर रखें ।
- अभ्यर्थी अपना स्वयं का फोटो .jpg/.jpeg फार्मेट में स्कैन कर कर फाइल के रूप में रखें । जिसका अधिकतम साइज 60 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव कर रखें। (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें)
- साथ ही अभ्यर्थी अपने स्वयं के हस्ताक्षर का फोटो भी स्कैन कर कर एक अलग .jpg/.jpeg फार्मेट में फाइल के रूप में रखे। जिसका अधिकतम साइज 60 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव कर रखें।
- कोविड 19 महामारी के कारण राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का पालन सभी अभ्यर्थियों को करना अनिवार्य होगा ।

**महत्वपूर्ण जानकारी**

1. **पात्रता :–** आवेदन हेतु पात्रता के संबंध में विभागीय नियम देखें । केवल वे अभ्यर्थी पात्र होंगे जो विभागीय नियमों में दी गई शर्तें पूरी करते हों। **मात्र आवेदन पत्र प्रेषित करना अथवा परीक्षा में सम्मिलित होना अभ्यर्थी को पात्र नहीं बनाता है ।**

2. **ऑनलाइन आवेदन करने की विधि :–**

ऑनलाइन आवेदन करने की विधि की जानकारी व्यापम की वेबसाइट के लिंक पर उपलब्ध फाइल से प्राप्त की जा सकती है ।

**3. <u>ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार करने की विधि</u> :–**

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के बाद अभ्यर्थी को भरे हुए आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु निम्न निर्देश दिया जाता है –

1. अभ्यर्थी अपने ऑनलाइन आवेदन में पूर्व में की गई प्रविष्टियों को सुधार सकता है।
2. **<u>OMR उत्तरशीट में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार की सुविधा नहीं दी जायेगी ।</u>**
3. ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि/त्रुटि सुधार कर की गई प्रविष्टि के अनुसार ही प्रवेश पत्र जारी किया जावेगा । पश्चात् परीक्षा प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर त्रुटि सुधार नहीं होगा ।
4. प्रवेश पत्र जारी होने के बाद, परीक्षा उपरांत एवं परीक्षा परिणाम के बाद त्रुटि सुधार संबंधी कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। त्रुटि सुधार के लिए हार्ड कॉपी/सॉफ्ट कॉपी में व्यापम को भेजा गया कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**4. <u>प्रवेश पत्र संबंधी जानकारी</u> :–**

परीक्षा के लगभग दस दिन पूर्व एडमिट कार्ड व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा इसे प्राप्त करने के लिए वेबसाइट में अपना Registration ID डालकर इसे ऑनलाइन प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षा पश्चात् भी एडमिट कार्ड को संभालकर रखें । काउंसलिंग के समय तथा सर्विस ज्वाइनिंग के समय इसे प्रस्तुत करना होगा। एडमिट कार्ड की द्वितीय प्रति व्यापम द्वारा प्रदाय नहीं किया जावेगा ।

**पोस्ट ऑफिस के माध्यम से अलग से एडमिट कार्ड नहीं भेजा जायेगा।**

**5. <u>हेल्प लाइन संबंधी जानकारी</u> :–**

ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्य दिवसों में प्रातः 10.00 से सायं 5.00 बजे (कार्यालयीन समय) के बीच 0771–2972780 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं । साथ ही अवकाश के दिनों में मोबाइल नंबर 8269801982 पर संपर्क कर सकते हैं ।

**6. <u>पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी</u> :–**

उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम वेबसाइट के “Syllabus” लिंक पर उपलब्ध है, जिसका अवलोकन कर लेवें, आवश्यक समझे तो प्रिंट आउट प्राप्त कर लेवें ।

**7. <u>परीक्षा कक्ष में प्रवेश</u> :–**

(अ) परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित सामग्री लायें–

(1) परीक्षा प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) – ऑनलाइन से प्राप्त प्रवेश पत्र में यदि फोटो प्रिंट न हुआ हो तो दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लेकर परीक्षा केन्द्र में जावें

(2) नीला/काला डाटपेन ।

(3) अभ्यर्थी अपने साथ मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस, पैन कार्ड, वोटर आई डी लेकर ही परीक्षा केन्द्र में आयेंगे जिससे कि उनकी पहचान सुनिश्चित की जा सके । **मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने से उन्हें वंचित किया जायेगा ।**

(4) अभ्यर्थी को मास्क पहनकर आना अनिवार्य होगा। बिना मास्क के प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(5) परीक्षा केन्द्र में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य होगा ।

नोट– अभ्यर्थी के पास अन्य सामग्री जैसे सामान्य केलकुलेटर, लॉगटेबिल साइंटिफिक केलकुलेटर, पेपर, मोबाईल फोन आदि पाये जाते है तो अभ्यर्थी का प्रकरण अनुचित साधन के प्रयोग (UFM) में दर्ज किया जावेगा।

(ब) परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट बाद परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

**8. <u>परीक्षा पद्धति</u> :–**

प्रश्नपत्र में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे, जिसके चार विकल्प में से एक विकल्प सही होगा, सही विकल्प पर उत्तरशीट में नीले/काले डॉट पेन से गोला को पूर्णतः भरना होगा।

**9. मूल्यांकन पद्धति :–**

प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर दिये गये होंगे। उनमें से एक उत्तर सही तथा तीन उत्तर गलत होंगे। प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने पर नियत अंक दिया जायेगा । गलत उत्तर अथवा एक से अधिक उत्तर अंकित करने पर (–) ऋणात्मक अंक का प्रावधान होने से एक गलत उत्तर पर नियत अंक का 1/4 अंक काटे जायेंगे। परीक्षार्थी द्वारा जिन प्रश्नों के उत्तर अंकित नहीं किये जायेंगे उनके लिऐ शून्य **(zero)** अंक प्रदान किये जायेंगे।

**10. दावा/आपत्ति का निराकरण :–**

परीक्षा सम्पन्न होने के बाद व्यापम द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रश्न पत्र विश्लेषण पश्चात मॉडल उत्तर तैयार कराया जाता है तथा उसे व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है । यदि किसी परीक्षार्थी को व्यापम द्वारा जारी मॉडल उत्तर पर आपत्ति हो तो नियत अवधि के भीतर सप्रमाण दावा/आपत्ति (किसी गाइड बुक का प्रमाण मान्य नहीं होगा।) व्यापम द्वारा निर्मित व्यापम की वेबसाइट पर दावा आपत्ति सेक्शन में जाकर दावा आपत्ति पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। डाक एवं स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किये गये दावा–आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

पोर्टल पर दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी को अपना पंजीयन क्रमांक एवं जन्म तिथि डालकर लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा आपत्ति दर्ज करानी होगी । दावा आपत्ति दर्ज कराने की विस्तृत प्रक्रिया का मेनुअल URL के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । कृपया इसका भलीभॉति अध्ययन कर लें । दावा आपत्ति को पोर्टल पर पंजीकृत कराने से पूर्व आपत्ति के पक्ष में दिये जाने वाले दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी अपलोडिंग हेतु तैयार रखें एवं आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण होने पर इसकी पावती भी डाउनलोड कर लेवें ।

नियत दिनांक एवं निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति, पोर्टल पर स्वीकार नहीं होंगे। बिना प्रमाण का दावा/आपत्ति को पूर्णतः अमान्य किया जावेगा। प्राप्त दावा/आपत्ति के परीक्षण पश्चात् विषय विशेषज्ञों द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा। दावा/आपत्ति के सम्बन्ध में विषय विशेषज्ञों का निर्णय ही मान्य किया जावेगा। प्रत्येक प्रश्न का दावा/आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करना होगा। एक साथ एक से अधिक प्रश्नों पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने पर अमान्य किया जायेगा । कितने भी प्रश्नों पर दावा/आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करने पर उन पर विचार किया जायेगा ।

प्राप्त दावा/आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा सूक्ष्म परीक्षण पश्चात निराकरण किया जाता है तथा मॉडल उत्तर में आवश्यक संशोधन या निरसन पश्चात अंतिम उत्तर तैयार किया जाता है, जिसे व्यापम के वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है तथा उसी के आधार पर व्यापम द्वारा उत्तरशीट का मूल्यांकन किया जाता है । **व्यापम द्वारा जारी अंतिम उत्तर पर किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।**

**11. त्रुटि पूर्ण प्रश्न, उसका निरस्तीकरण एवं बदले में दिया गया अंक :–**

परीक्षा उपरांत छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, द्वारा विषय विशेषज्ञों से प्रत्येक प्रश्न के परीक्षण पश्चात् मॉडल उत्तर एवं दावा/आपत्ति के निराकरण पश्चात अंतिम उत्तर तैयार कराया जाता है। विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न को त्रुटिपूर्ण पाए जाने पर निरस्त कर दिया जाता है।

निम्नलिखित कारणों से प्रश्न निरस्त किए जा सकते हैं–

1. प्रश्न की संरचना गलत हो,
2. उत्तर के रुप में दिये गये विकल्पों में एक से अधिक विकल्प सही हो,
3. कोई भी विकल्प सही न हो,
4. किसी प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रुपांतर में अंतर हो जिस कारण दोनों के भिन्न–भिन्न अर्थ निकलते हों और एक भी सही उत्तर स्पष्ट न होता हो.
5. मुद्रण त्रुटि हुई हो जिससे सही उत्तर प्राप्त न हो ।

विषय विशेषज्ञ समिति द्वारा की गई अनुशंसा अनुसार ऐसे निरस्त किए गए प्रश्नों के लिये सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में उनके द्वारा अर्जित अंकों के अनुपात में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल अंक प्रदान करता है, भले ही उसने निरस्त किए गए प्रश्नों को हल किया हो या नहीं।

उदाहरण के लिए 150 प्रश्नों के प्रश्न पत्र जिसमें कुल अंक 150 है, में से 06 प्रश्न निरस्त किए जाते हैं और मूल्यांकन के बाद अभ्यर्थी 144 प्रश्नों में से 104 प्रश्नों का सही उत्तर अंकित करता है, 22 प्रश्नों का गलत उत्तर अंकित करता है तथा निगेटिव मार्किंग होने से 18 प्रश्नों का उत्तर अंकित नहीं करता तो उसके कुल अंकों की गणना इस प्रकार होगी –

**सही उत्तरों की संख्या – गलत उत्तरों की संख्या काटे गये अंक = अभ्यर्थी का प्राप्तांक**

$$104 - \frac{22}{4} = 104 - 5.5 = 98.5$$

(22/4 = 5.5)

$$\frac{\text{प्राप्तांक x कुल प्रश्न}}{\text{कुल प्रश्न – निरस्त प्रश्न}} = \frac{98.5 \times 150}{150 - 6} = 102.604 \text{ कुल प्राप्तांक}$$

तद्नुसार कुल प्राप्तांक के आधार पर मेरिट निर्धारित होगी ।

**12. <u>परीक्षा परिणाम</u> :–**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा संबंधित विभाग के नियमों के आधार पर मेरिट सूची, कुल प्राप्तांक एवं रेंकिंग सहित घोषित की जावेगी। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in **पर देख सकते हैं तथा प्रिंट प्राप्त** कर सकते हैं।

**13. <u>पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन</u> :–**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा **उत्तरशीट का मूल्यांकन ओ.एम.आर. मशीन से किया जाता है, अतः पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं रखा गया है।**

**14. <u>क्षेत्राधिकार</u>** (JURISDICTION) :–

**व्यापम का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित रहेगा। मेरिट के आधार पर चयन/नियुक्ति की प्रकिया विभाग द्वारा की जावेगी।**

**परीक्षा शहर एवं कोड नंबर–**

| क्र. | परीक्षा का शहर का नाम | – | कोड नंबर |
|---|---|---|---|
| 1. | अम्बिकापुर (सरगुजा) | – | 11 |
| 2. | बिलासपुर | – | 13 |
| 3. | दुर्ग | – | 16 |
| 4. | जगदलपुर | – | 17 |
| 5. | रायपुर | – | 25 |

**परीक्षा समन्वयक केन्द्रों के नाम –**

| क्र. | जिला | महाविद्यालय का नाम | फोन नंबर |
|---|---|---|---|
| 1. | अम्बिकापुर | राजीव गांधी शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, अम्बिकापुर | 07774–230921 |
| 2. | बिलासपुर | शासकीय ई. राघवेन्द्र राव,स्नातकोत्तर विज्ञान महा., बिलासपुर, | 07752–246430 |
| 3. | दुर्ग | विश्वनाथ तामस्कर शासकीय कला एवं विज्ञान महा.,दुर्ग | 0788–2211688 |
| 4. | जगदलपुर | शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | 07782–229340 |
| 5. | रायपुर | शासकीय नागार्जुन पी.जी. विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर | 0771–2263131 |

**नियंत्रक**
**छ.ग. व्यापम, नवा रायपुर**

H

Hostel Warden

कंप्यूटर संबंधी सामान्य प्रश्न

- कंप्यूटर का परिचय।
- कंप्यूटर का उपयोग - कंप्यूटर का उपयोग कहा-कहा और किस लिए किया जाता है। इसकी सामान्य जानकारी।
- कंप्यूटर के प्रमुख भाग - CPU, इनपुट डिवाइस एवं आउटपुट डिवाइस की सामान्य जानकारी।
- प्रिंटर के प्रकार - इंकजेट लेजरजेट एवं अन्य प्रकार के प्रिंटर।
- आपरेटिंग सिस्टम के नाम - कमर्शियल एवं ओपन सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम के नाम।
- वर्ड प्रोसेसर स्प्रेड शीट एवं प्रेजेंटेशन के उपयोग - कार्यालय में उपयोग के लायक सामान्य जानकारी।
- इंटरनेट के उपयोग - ई-मेल डाक्यूमेंट सर्विंग वेबसाइट सर्विंग विभिन्न सरकारी विभाग के वेबसाइट की सामान्य जानकारी।
- एंटीवायरस के उपयोग - कम्प्यूटर वायरस से होने वाले नुकसान एवं कंप्यूटर वायरस की सामान्य जानकारी।
- मल्टीमीडिया के उपयोग - ऑडियो वीडियो एवं टेक्स्ट का उपयोग करने की सामान्य जानकारी।
- सीडी / डीविडी से सम्बंधित सामान्य जानकारी।
- गूगल अलटिविस्टा यू-ट्यूब की सामान्य जानकारी - सर्च इंजिन से वांछित जानकारी कैसे प्राप्त की जाय इसकी सामान्य जानकारी।

गणित

- महत्तम समापवर्तक और लघुततम समापवर्त्य - महत्तम समापवर्तक और लघुततम समापवर्त्य क्या है - इससे सम्बंधित प्रश्न समस्याओ के हल हेतु सूत्र
- औसत - औसत निकलने से सम्बंधित प्रश्न।
- प्रतिशत - प्रतिशत का अर्थ, प्रतिशती को दशमलव व दशमलव को प्रतिशत में बदलने से सम्बन्धीत प्रश्न।
- चाल, समय, दुरी
- चाल, समय, दुरी, निकलने से सम्बंधित प्रश्न।
- सामान्य ब्याज़ - साधारण ब्याज़ क्या है? इससे सम्बंधित प्रश्न।
- लाभ तथा हानि - क्रय-विक्रय मूल्य लाभ - हानि इन्हे प्रतिशत व रुपयों में व्यक्त करना।
- अनुपात एवं समानुपात - समानुपाती भागो में विभाजन।
- प्रतिशतता जन्म व मत्यू , दर जनसँख्या वृद्धि, हास।
- रेखा तथा कोण - रेखाखण्ड, सरल एवं वक्र रेखाए, कोणों के प्रकार।
- समतलीय आकृतियां - त्रिभुज, चतुर्भुज तथा वृत्त।
- समतलीय आकृतियों का क्षेत्रफल, त्रिभुज, आयात, समान्तर चतुर्भुज एवं समलम्ब चतुर्भुज।
- ठोस की मांगे - लम्बाई, चौड़ाई व ऊंचाई, क्षेत्रफल, आयतन, घन व घनाभ।

सामान्य ज्ञान

- छत्तीसगढ़ी भाषा
- छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान
- छत्तीसगढ़ भाषा का विकास एवं इतिहास
- लोकल भाषा का साहित्य और प्रमुख साहित्यकार
- छत्तीसगढ़ी व्याकरण

CS CamScanner

- शब्द साधन , व्याकरण , संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया, विशेषण, वाक्य आदि
- भारतीय राजनैतिक व्यवस्था एवं सविधान - मुख्य सैवंधानिक प्रावधान मौलिक कर्तव्य एवं अधिकार, सुचना का अधिकार, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय प्रतीक, राष्ट्रीय व्यक्तित्व, लोकतंत्र एवं चुनाव लोकसभा, राज्य सभा, मुख्य सैंवधानिक प्रावधान।
- भारतीय इतिहास एवं राष्ट्रीय आंदोलन - भारतीय सभ्यता एवं सांस्कृतिक ऐतिहासिक घटनायें, भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास 1857 से 1947 तक, 1947 के बाद का घटनाक्रम।
- भूगोल - भारत का भौगोलिक स्वरूप प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण चेतना, प्राकृतिक वनस्पति एवं अन्य प्राणी, मिटटी और उसके प्रकार, खनिज, प्रमुख उद्योग, छत्तीसगढ़ का भौगोलिक पर्यावरण।
- भारतीय अर्थ व्यवस्था - सामाजिक एवं आर्थिक विकास, जनसँख्या परिप्रेक्षय, सकल राष्ट्रीय उत्पादन और प्रति व्यक्ति आय, पंचवर्षीय योजनाएं, कृषि व ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास, भारतीय अर्थव्यवस्था, बैंक प्रणाली, वर्तमान आर्थिक घटनाक्रम।
- सामान्य विज्ञान - विज्ञान के मूलभूत सिद्धांत, जीवन की गुणवता के लिए विज्ञान।

**समसामयिक घटनाक्रम खेलकूद, देश विदेश** - राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय घटनाये, खेल साहित्य।

Physical Education

PRINCIPLES AND HISTORY OF PHYSICAL EDUCATION Meaning of Physical Education, Physical Culture, Physical Training. Aim and Objectives of Physical Education. Physical Education in Ancient Greece – Sparta and Athens – Ancient and Modern Olympic Games – Asian Games. Physical Education in India – SAI, SDAT, School Level Competitions in Tamil Nadu. School games federation of India.

BIOLOGICAL FOUNDATIONS AND TRAINING METHODS Biological foundation: Growth and Development – Heredity and Environment, Muscle tone, Athletic heart – Reciprocal innervations – Vital capacity – Chronological age –Physiological age – mental age. Types of Muscular Contractions. Periodisation in Training. Training Load and Components of Training Load Training methods: Types of Training - Weight training - Circuit training - Fartlek Training -Interval Training.

TESTS, MEASUREMENT, AND EVALUATION Meaning of the terms: Test, Measurement, and Evaluation. Criteria for Evaluation: Validity, Reliability, Objectivity. JCR Motor Fitness test, Muscular Fitness : Kraus Weber Minimum Muscular Fitness Test, Newton Motor Ability Test, Cardio vascular test: Harvard step test, 12 minutes run/walk test. Badminton: Miller Wall Volley Test. Basketball: Johnson Basketball Test,. Hockey: Friedel Field Hockey Test,. Volleyball: Russel Lange Volleyball Test, Brady Volleyball Test. Football: MC-Donald Soccer Test.

ANATOMY AND PHYSIOLOGY Cell structure and properties, Tissues, Organs, Axial and appendicular Skelton. Classification of joints . Types of muscles. Blood, Composition of Blood, Blood groups, Functions of Blood. Structure and Functions of Heart, Structure and Functions of Lungs, Structure and function of Tongue, Teeth, and Ear. Central Nervous system- Brain - Spinal cord -Reflex action, Autonomous Nervous system Effects of exercise on the various systems of the body: Skeletal System, Muscular System, Circulatory System, Respiratory System.

HEALTH EDUCATION, SPORTS INJURIES AND PHYSIOTHERAPY Meaning of Health Education – Health Services and Supervision – Nutrition and Diet, Components of Food. Infection immunity – Causes of

Disease – Malaria, Small Pox, Dysentery, Mumps, Typhoid. Sports injuries – Meaning – Importance – Treatment for hock, Poisoning, Drowning, Bleeding, Fractures, Sprain, Strain, Dislocation, Fainting, Abrasion, Dog bite, First Aid Box, Cuts – Kinds of Bandage, Sun stroke- General rule for burns – Snake Bite. Physiotherapy – Definition – importance of Physiotherapy, Principles of Physiotherapy – Electro therapy – Hydro therapy –Thermo therapy, Massage – Posture – Postural Deformities.

SPORTS PSYCHOLOGY AND FITNESS Meaning of Sports Psychology and its importance. Motor Learning and motor performance. Basic consideration in Motor fitness: Body build, Mental aspects, Sense Perception: Vision, Kinesthesis, Tactile. Emotional effects: Tension, Anxiety, Stress. Theories of learning: Conditioned Response – Trial and Error – insightful. Theories of Play. Physical fitness, Reaction time, Movement time, Types and Components of Physical fitness.

YOGA Meaning and Definition of Yoga. Eight limbs of yoga: Yama – Niyama – Asana – PranayamaPratyahara – Dharana – Dhyana – Samadhi. International Yoga Day. Suryanamaskar. Breathing exercises and Asanas towards Promotion of Physical, Mental and Emotional Health.

METHODS AND MANAGEMENT IN PHYSICAL EDUCATION Meaning and importance of methods in Physical Education- factors influencing methods. Presentation Techniques - Class Management - Teaching aids - various methods of Teaching - Types of Tournaments , Preparation of Fixtures for Knock out, League and Combination Tournaments. Intramurals and Extramural. Different levels of Organization schools, Colleges and Universities - Guiding principles of organization - Records and Registers - Construction and maintenance of Swimming pool and Gymnasium.

RULES OF GAMES AND SPORTS Ground making maintenance, Equipments, Duties of Officials and Rule of sports and games: Basketball, Ball Badminton, Badminton, Cricket, Football, Handball, Hockey, Kabaddi, KhoKho, Tennis, Table Tennis, Volleyball.

TRACK AND FIELD Layout of standard track (400 meters), Method of calculating Staggers and Arch start. Relay zone marking for 4*100 and 4*400. Layout of Circle/Runway and sector for : Javelin, Shot-put, Discuss, Hammer throw , Long Jump, Triple Jump and High Jump. Measurements of Standard Athletic Equipments.

CamScanner

# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002

**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in


## संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), नवा रायपुर के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका भर्ती परीक्षा 2023 **(ITIH23)**

### ऑनलाइन फार्म भरने से पहले निम्न बिन्दुओं पर अवश्य ध्यान देवें

1. अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से व्यापम ने आवेदकों क प्रोफाइल पंजीकरण की व्यवस्था व्यापम पोर्टल पर की है। एक बार प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करने के बाद परीक्षा विशेष के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को बार–बार व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी होगी । यह जानकारी उनके प्रोफाइल पंजीयन से स्वमेव आ जायेगी । इससे त्रुटि की संभावना कम होगी ।

2. ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।

3. ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु अभ्यर्थी को समय दिया गया है । परीक्षा दिवस के दिन ओ.एम.आर. / OMR उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। आवेदन पत्र की प्रविष्टियों के आधार पर परीक्षा परिणाम जारी किया जावेगा । त्रुटि सुधार के लिए हार्ड कॉपी / सॉफ्ट कॉपी में भेजा गया कोई भी आवेदन व्यापम द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

4. आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी नियमों को ध्यान से पढ़े ।

5. आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें।

6. व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in में ऑनलाइन प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) फार्म भरने हेतु अभ्यर्थी अपना स्वयं का फोटो .jpg/.jpeg फार्मेट में स्कैन कर कर फाइल के रूप में रखें । जिसका अधिकतम साइज 60 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव कर रखें। (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें), साथ ही अभ्यर्थी अपने स्वयं के हस्ताक्षर का फोटो भी स्कैन कर कर एक अलग .jpg/.jpeg फार्मेट में फाइल के रूप में रखे। जिसका अधिकतम साइज 60 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव कर रखें, जिसे आवेदन पत्र (फार्म) में अपलोड किया जा सके।

7. आवेदन फार्म भरने से पहले फार्म में आवश्यक जानकारियॉ एक कोरा कागज में लिख कर तैयार रखें एवं ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने के बाद यह सुनिश्चित कर लेवें कि दी गई सभी जानकारियॉ सही है।

8. आपका वैध E-mail (ई मेल) आई.डी. होना आवश्यक है । अतः अपना E-mail बनाकर तैयार रखे ।

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर**
**व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002**
**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), नवा रायपुर के अंतर्गत
छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका भर्ती परीक्षा 2023 **(ITIH23)**

## प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) फार्म

अभ्यर्थी स्वयं के संबंध में बिन्दुवार मांगी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक भरें, जो निम्नानुसार है :–

1. Mobile No. Verification- अभ्यर्थी अपना मोबाइल नंबर अंकित करें ।
2. First Name, Middle Name & Last Name.- अभ्यर्थी अपना नाम अंकित करें ।
3. Create Password - अभ्यर्थी अपना पासवर्ड अंकित कर, पासवर्ड की पुष्टि करें ।
4. Basic Information – में अभ्यर्थी स्वयं की मूलभूत जानकारी अंकित करें ।
5. Candidate`s Name- अभ्यर्थी अपना नाम अंग्रेजी के केपिटल अक्षर में लिखें ।
6. Relative`s Type- अभ्यर्थी अपने रिश्तेदार का प्रकार का चयन करें, उसी अनुसार Father/Mother/Husband–(पिता, माता, पति) में किसी एक को सेलेक्ट करें । उपरोक्तानुसार नाम में से संबंधित के नाम को केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री/श्रीमती/स्व. आदि न लिखें।
7. Relative`s Name – रिश्तेदार का नाम के साथ माता का नाम भी केपिटल अक्षर में लिखें। नाम के पहले श्री/श्रीमती/स्व. आदि न लिखें।
8. Gender में (लिंग) पुरूष, महिला या तृतीय लिंग जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
9. Date of Birth- जन्मतिथि को (दसवीं की अंकसूची में दर्शाये अनुसार) दिनांक, माह एवं वर्ष में ड्राप डाउन बॉक्स से सेलेक्ट करें । (जैसा कि 27 दिसंबर 1987 को दिनांक के बॉक्स में 27, माह के बॉक्स में दिसंबर एवं वर्ष के बॉक्स मे 1987 सेलेक्ट करें)
10. Domicile of Chhattisgarh: (छत्तीसगढ़ के निवासी)– यदि आप छत्तीसगढ़ के निवासी हैं, तो हॉ Yes अन्यथा नहीं No को सेलेक्ट करें ।
11. Family Yearly Income: अभ्यर्थी पारिवारिक वार्षिक आय का उल्लेख करें ।
12. कृपया अपना स्वयं का फोटो अपलोड करें । (40kb to 60 kb)
13. कृपया अपना हस्ताक्षर का फोटो भी अपलोड करें । (40kb to 60 kb)
14. Are you Person with Disability (PWD) में (दिव्यांग वर्ग) क्या आप दिव्यांग वर्ग से संबंधित है ? Yes या No सेलेक्ट करें।
15. Other Information/अन्य जानकारी – Nationality/नागरिकता अभ्यर्थी नागरिकता का चयन करें ।
16. Category (Caste)- में वर्ग जिससे आप संबंधित हैं, सेलेक्ट करें।
17. District Domicile- (स्थानीय जिला निवासी)– आप जिस जिले के स्थानीय निवासी हैं, उस जिले का चयन करें ।
18. Marital Status: (वैवाहिक स्थिति) – यदि आप विवाहित है तो हॉ Yes अन्यथा नहीं No को सेलेक्ट करें ।

19. Email Id- प्रत्येक आवेदक का ईमेल आई.डी होना अनिवार्य है । यदि नहीं है तो अपना ईमेल आई.डी. अवश्य बना लें तथा इस वैध ईमेल आई डी को इस खंड में अंकित करें । **पोस्ट ऑफिस के माध्यम से एडमिट कार्ड या कोई भी जानकारी नहीं भेजी जावेगी।**

20. Mobile No.- में अपना 10 डिजिट का मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य है। मोबाइल नंबर के पहले शून्य (0) न लिखें ।

21. Present Address/ - वर्तमान पता – अभ्यर्थी अपना डाक का पता को House No. में मकान नंबर (यदि हो तो) Street Name में सड़क/मोहल्ला का नाम, City/Village में शहर/गॉव का नाम, State में राज्य का नाम, District में निवास जिले का नाम सेलेक्ट करें। पिन में अपने डाकघर का पिन कोड अंकित करें। Permanent Address/स्थाई पता वर्तमान पते के समान होने पर उपरोक्तानुसार अंकित करें ।

22. Declaration- (घोषणा) – इसमें यह दिया गया है कि –

"मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाकपता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।"

23. I Agree–/(मैं सहमत हूँ) –इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूँ पर क्लिक करें ।

24. Captcha/कृपया कैप्चा को दर्ज करें ।

25. **इसके पश्चात Submit में क्लिक करें ।**

..............................................

कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), नवा रायपुर के अंतर्गत
छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका भर्ती परीक्षा 2023 **(ITIH23)**

## ऑनलाइन आवेदन करने की विधि

Application Form में क्लिक करते ही "ON LINE APPLICATION FOR **सहायक छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका भर्ती परीक्षा 2023 (ITIH23)** हेतु **(संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष) आवेदन** पत्र **से एक पेज खुलेगा" जिसमें दी गई जानकारी** अनुसार कार्य करें ।

- ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण चयन प्रक्रिया के दौरान की जाएगी । अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।
- ऑनलाइन आवेदन में हुई त्रुटि को फार्म जमा करने के लिए निर्धारित समय–सीमा के दौरान भी सुधार कर सकते हैं । इसके अलावा ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् भी 03 दिवस का समय दिया जायेगा । परीक्षा दिवस को ओ.एम.आर. उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी ।
- आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें ।

Exam Applied For : (आवेदित परीक्षा) – आप जिस पद में परीक्षा देना चाहते हैं, कृपया निम्न में से उसे चयन करें –

☐ Hostel Male Superintendent (छात्रावास अधीक्षक)
☐ Hostel Female Superintendent (छात्रावास अधीक्षिका)

छात्रावास अधीक्षक में केवल पुरूष अभ्यर्थी ही पात्र होंगे ।
छात्रावास अधीक्षिका में केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे ।
छात्रावास अधीक्षक/छात्रावास अधीक्षिका का पद दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकित नहीं है ।

**क्या आप किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल या पुरानी 11वीं या समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण हैं ?**

○ Yes (हॉ) ○ No (नहीं)

**क्या आप व्यायाम प्रशिक्षण (फिजीकल ट्रेनिंग) में डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से व्यायाम प्रशिक्षण (फिजीकल ट्रेनिंग) में स्नातक उत्तीर्ण हैं ?**

○ Yes (हॉ) ○ No (नहीं)

टीप – Basic Information/मूलभूत जानकारी, Other Information/अन्य जानकारी, Present Address स्वयं से आपके द्वारा दी गई **<u>प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) से आ जायेगी ।</u>**

Exam city- जिस शहर में परीक्षा देने चाहते हैं का चयन करें ।

Do you need to scribe (Writer) ?- (क्या आपको सहलेखक की आवश्यकता है ?)
○ Yes **(हॉं)** ○ No **(नहीं)** में से सेलेक्ट करें।

Class/ श्रेणी
Do you belong to the Ex-Servicemen category? क्या आप भूतपूर्व सैनिक वर्ग से सम्बंधित हैं ?
○ Yes **(हॉं)** ○ No **(नहीं)**

आप जिस वर्ग से संबंधित है, उसे सेलेक्ट करें।

Declaration- (घोषणा) – इसमें यह दिया गया है कि –

''मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र में स्वयं के नाम, श्रेणी, वर्ग, शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, डाकपता एवं अन्य दी गई सूचना मेरी जानकारी एवं विश्वास में सही है, जिसके सत्यतापूर्वक और सही होने की मैं घोषणा करता/करती हूँ । मैंने विभाग द्वारा जारी विज्ञापन में दर्शित नियमों एवं व्यापम के नियमों को पढ़ा है एवं समझा है । यदि ऊपर दी गई कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर मुझे पूर्व सूचना दिये बिना मेरी अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकती है।''

I Agree–/(मैं सहमत हूँ) –इसमें उपरोक्त Declaration घोषणा को पढ़कर समझने के बाद अपनी सहमति प्रकट करते हुए सहमत हूँ पर क्लिक करें ।

Captcha/कृपया कैप्चा को दर्ज करें ।

**इसके पश्चात Submit में क्लिक करें ।**

............................................